गंगा में डॉल्फिन की गणना पूरी, अलीगढ़ में आठ दिखीं

200 किमी में बिजनौर से कासगंज तक पांच माह चला सर्वे अब डब्ल्यूआईआई देहरादून की रिपोर्ट का हो रहा इंतजार

2015 के मुकाबले दोगुना से अधिक हुईं डॉल्फिन गंगा के बेहतर होते स्वास्थ्य का संकेत

आशीष निगम

अलीगढ़। गंगा में बढ़ती डॉल्फिन ने एक बार फिर संकेत दिया है कि नदी का पारिस्थितिक तंत्र धीरे-धीरे बेहतर हो रहा है। बीते पांच माह से बिजनौर से कासगंज तक करीब 200 किलोमीटर दायरे में जारी गंगा डॉल्फिन गणना पूरी हो चुकी है।

सर्वे के दौरान बुलंदशहर के नरौरा से कासगंज के नदरई पुल तक 32 डॉल्फिन दिखाई दीं, जबकि अलीगढ़ में 17 किलोमीटर दायरे में बहने वाली गंगा में आठ डॉल्फिन की मौजूदगी दर्ज की गई है। अब इसकी विस्तृत रिपोर्ट भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून की ओर से जारी की जाएगी।

यह गणना बिजनौर के दारानगर गंज से गढ़मुक्तेश्वर, अनूपशहर, कर्णवास, राजघाट, नरौरा, ब्रज घाट, अलीगढ़ और कछला घाट तक की गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रतिनिधि हरिमोहन मीणा ने बताया कि जनवरी से शुरू हुई यह गणना अब पूरी हो चुकी है। अंतिम रिपोर्ट आने के बाद डॉल्फिन की वास्तविक संख्या और उनके मूवमेंट पैटर्न की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

गंगा के सांकरा क्षेत्र में अठखेलियां करती डॉल्फिन। संवाद

स्वच्छता में सुधार का संकेत

- आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2015 तक इन इलाकों में गंगा डॉल्फिन की संख्या महज 22 थी। वर्ष 2016 में यह बढ़कर 30 तक पहुंची और इसके बाद लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्ष 2024 में हुई पिछली गणना में इनकी संख्या 52 दर्ज की गई थी। यानी 2015 से 2024 के बीच गंगा डॉल्फिन की संख्या दोगुना से अधिक हो चुकी है। विशेषज्ञ इसे गंगा के जलस्तर, प्रवाह और स्वच्छता में सुधार का सकारात्मक संकेत मान रहे हैं।

स्वच्छ जल की सबसे बड़ी पहचान

अलीगढ़ वन विभाग के रेंजर गौरव सिंह ने बताया कि गंगा में डॉल्फिन की बढ़ती संख्या बहुत बड़ी पर्यावरणीय सफलता है। यह स्तनधारी जीव केवल मीठे और अपेक्षाकृत स्वच्छ जल में ही जीवित रह पाता है। गंगा डॉल्फिन को केंद्र सरकार ने 18 मई 2009 को देश का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। उन्होंने बताया कि यह एक नेत्रहीन जलीय जीव है, जिसकी सूंघने और ध्वनि पहचानने की क्षमता बेहद तेज होती है। यह मांसाहारी जीव है और छोटी मछलियों समेत जलीय जीवों को भोजन बनाती है। इसकी औसत आयु करीब 28 वर्ष तक दर्ज की गई है तथा मादा की लंबाई सामान्यतः नर से अधिक होती है।

- **पानी के भीतर ध्वनि पकड़कर हुई गिनती :** डॉल्फिन की गणना के लिए इस बार हाइड्रोफोन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। यह पानी के भीतर काम करने वाला विशेष माइक्रोफोन होता है, जो डॉल्फिन द्वारा निकाली जाने वाली इकोलोकेशन अल्ट्रासोनिक ध्वनियों को रिकॉर्ड करता है। इसी आधार पर उनकी मौजूदगी और संख्या का अनुमान लगाया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक गंगा डॉल्फिन लगातार ध्वनि तरंगें छोड़ती हैं और उन्हीं की प्रतिध्वनि से रास्ता, शिकार और आसपास की गतिविधियों का पता लगाती हैं। यही वजह है कि वैज्ञानिक सर्वे में अब ध्वनि आधारित तकनीक को अधिक विश्वसनीय मानते हैं।

सीमित क्षेत्रों में ही बची हैं डॉल्फिन

- विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर प्रदेश में नरौरा क्षेत्र और बिहार में पटना साहिब से भागलपुर-सुल्तानगंज तक का इलाका गंगा डॉल्फिन का प्रमुख आवास बचा है। स्थानीय भाषा में इसे 'सोंस' जबकि असम में 'शिंहू' कहा जाता है। पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि गंगा में प्रदूषण और अवैध बालू खनन पर नियंत्रण बना रहा तो आने वाले वर्षों में डॉल्फिन की संख्या में और इजाफा हो सकता है। वहीं वैज्ञानिक इसे गंगा के पुनर्जीवन अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मान रहे हैं।

आईआईटी कानपुर की शोध टीम के साथ घूमने पर नरौरा से नदरई पुल कासगंज तक 32 डॉल्फिन देखी गईं थीं। इस समय अलीगढ़ के सांकरा में लगभग डॉल्फिन देखीं जा रहीं हैं।

-ज्ञानेश शर्मा, सदस्य नमामि गंगे।

गंगा आरती और अन्य आयोजनों के दौरान जाने पर 20 साल पहले तक खूब डॉल्फिन देखीं जाती थीं, बीच में इनकी संख्या बहुत कम हो गई थी, अब इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। वर्तमान में अलीगढ़ में आठ डॉल्फिन हैं। **-सुनील कौशल महाराज, अलीगढ़।**

न्यूज डायरी

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। संवाद

अलीगढ़। श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व बराई मोहल्ला से कलश यात्रा निकाली गई। शुभारंभ महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा, मेयर प्रशांत सिंघल, शहर विधायक मुक्ता राजा, कथा व्यास पंडित ब्रह्मानंद शास्त्री ने किया। कलश यात्रा बराई मोहल्ला से होकर गुरुद्वारा, सराय राय होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। मौके पर राजेंद्र कुमार वर्मा, ज्ञान प्रकाश, अशोक कुमार, राजीव वर्मा, प्रवेंद्र वर्मा, मोनू वर्मा, हर्ष वार्ष्णेय, सुगंध वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

सती चरित का किया वर्णन

अलीगढ़। श्री कृष्णा भक्ति क्लब की ओर से आगरा रोड स्थित बाबा नींब करौरी धाम मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा में व्यास डॉ. ऋषभ देव ने भगवान भोलेनाथ, सती चरित, शिव विवाह और उनके विभिन्न रूपों का वर्णन किया। आरती सुधा सिंह, रेखा सक्सेना, मिथलेश सक्सेना, अनीता सक्सेना, अनुपम यादव, पूनम वार्ष्णेय, शिवम सक्सेना ने की। गोपाल, कौशल वार्ष्णेय, राकेश सक्सेना, कनिष्का सक्सेना, कविता आदि मौजूद रहे। संवाद

हनुमान जी की बाल लीलाओं का वर्णन किया

अलीगढ़। बनिया पाड़ा श्याम चौक में आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत कथा के तीसरे दिन महंत कौशलनाथ योगी के सानिध्य में कथा व्यास गोविंद ने भगवान हनुमान जी के दिव्य जन्मोत्सव, सनातन धर्म के 16 संस्कारों एवं हनुमान जी की मनमोहक बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। मुख्य यजमान नीरज वार्ष्णेय और सपना वार्ष्णेय ने विधि-विधान से पूजन किया। मौके पर डॉ. गौरी आर्या, अतुल राजा, सपना वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, प्रियंका, नेहा, दीप वार्ष्णेय, शालिनी, रेशु, रागिनी आदि मौजूद थीं। संवाद

राहत : डाकिया घर आकर बनाएगा जीवन प्रमाणपत्र

अलीगढ़। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए निशुल्क डोर-स्टेप सेवा शुरू कर दी है। अब बुजुर्ग पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बैंक या ईपीएफओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

सीनियर पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर ने बताया कि डाकिया या डाक सेवक स्वयं पेंशनरों के घर पहुंचकर बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में फिंगर प्रिंट या फेस स्कैन के जरिये आधार आधारित सत्यापन किया जाएगा।

ईपीएफओ ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए निशुल्क डोर-स्टेप सेवा शुरू की

इसके बाद पेंशनर के आधार नंबर और पीपीओ नंबर का मिलान कर पूरी प्रक्रिया पूरी होगी। ईपीएस पेंशनर अब वर्ष में कभी भी अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। संवाद

गणेश चतुर्थी पर हुआ भजन-कीर्तन

अलीगढ़। अचल ताल सिद्ध पीठ गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के महंत विनयनाथ ने बताया कि प्रत्येक माह गणेश चतुर्थी पर विशेष पूजा, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया जाता है। शाम को भजन-कीर्तन के बाद भव्य आरती हुई। मौके पर ममता गुप्ता, कविता, गीता, देवेश, राजकुमारी, पुष्पा, कुसुम, सुनीता आदि उपस्थित थीं। संवाद

हर घर पहुंचेगा नल से जल

अलीगढ़। जिले में मार्च-2027 तक हर घर नल से जल पहुंचेगा। 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कर ग्रामीणों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

डीएम अविनाश कुमार ने समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को तेजी और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के लिए कहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण लोकेश शर्मा ने बताया कि जिले के 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 गांव में पहले से संचालित 43 पेयजल योजना चल रही हैं। शेष 1070 गावों में जल जीवन मिशन के तहत बड़े स्तर पर कार्य कराया जा रहा है।

डीएम ने कहा - 90 फीसदी पूरी योजनाएं जल्द हों खत्म

परियोजनाओं के तहत कुल 731 नलकूप, 731 पंप हाउस, 7171 किलोमीटर वितरण प्रणाली, 729 शिरोपरि जलाशय, 3.93 लाख से अधिक घरेलू जल संयोजन और 2015 किलोमीटर रोड ट्रेंच मरम्मत कार्य प्रस्तावित हैं। शेष कार्य तेजी से जारी हैं। इन्हें मार्च 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। ब्यूरो

भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

अलीगढ़। रायबरेली में राहुल गांधी द्वारा मंच से आरएसएस और भाजपा पर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए उनका प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रवादी विचारधारा और देशभक्ति पर आपत्तिजनक बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भाजपा युवा नेता अभिषेक गिरी, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेंद्र वार्ष्णेय, माधव हिंदू, अमित कुमार, विनीत शर्मा, अंकुर शर्मा, देवेश शर्मा, तुषार गिरी, अरुण शर्मा मौजूद थे। संवाद

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। स्रोत : स्वयं

अलीगढ़। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता के कैंप कार्यालय शोभा नगर, बेगम बाग में बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

शेरपाल सिंह सविता ने कहा की राजीव गांधी ने देश भर में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने युवाओं को मताधिकार दिलाने और पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया।

इस मौके पर पिंटू सैनी, सतीश चंद्र गांधी, गौरव सविता, प्रभात, मीना देवी, कमलेश देवी, काजल, तन्नू, विमलेश देवी, उषा देवी, राधा शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

सपा ने दी श्रद्धांजलि

अलीगढ़। भुजपुरा स्थित सपा के शिविर कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

पूर्व महानगर अध्यक्ष बाबा फरीद आजाद ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को कंप्यूटर और टेलीकॉम क्रांति से जोड़कर आधुनिक भारत की नींव रखी। मजहरउद्दीन, मोहम्मद नदीम खान, सुनील सविता, विनोद हाजरा आदि मौजूद रहे। संवाद

प्रथम पुण्यतिथि



जन्म 15.07.1950

अवसान 22.05.2025

स्व. श्री कर्मेन्द्र कुमार वार्ष्णेय

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे, आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर समस्त परिवारीजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

"आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे"

(卐 श्रद्धानवत 卐)

मीरा वार्ष्णेय (पत्नी)
देविका वार्ष्णेय-पंकज वार्ष्णेय (पुत्री-दामाद)
रोहित वार्ष्णेय-शिखा वार्ष्णेय (पुत्र-पुत्रवधु)
हेमेन्द्र वार्ष्णेय-वोरिश वार्ष्णेय (पुत्र-पुत्रवधु)
शिल्पी गुप्ता-अनुज गुप्ता (पुत्री-दामाद)
अक्षय, अभय, खुशिल, अनय, इशित, टिशा, प्रणव एवं समस्त वार्ष्णेय परिवार

मो. 8273395260, 9910895489, 9412876004

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद-हाथरस।

पत्रांकः- एस0एस0ए0/पुष्प0शि0/3250-52/2026-27 दिनांक - 19.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों/बालवाटिका केन्द्रों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 16 ईसीसीई एजुकेटर एवं उच्च प्रा0वि0 में 22 तकनीकी अनुदेशकों के ट्रेडवार पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से चयन हेतु सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। निर्धारित योग्यताधारी इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर दिनांक 20.05.2026 से 26.05.2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त पद हेतु कोई ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(स्वाती भारती)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
हाथरस।

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI | आंचलिक कार्यालय : प्लॉट नं. एच-2, ताज नगरी फेज 2, फतेहाबाद रोड, आगरा | ई-नीलामी 25.06.2026

प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति (बैंक ऑफ इण्डिया) हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूति- दाता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है का कब्जा प्रतिभूति लेनदार (बैंक ऑफ इण्डिया) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर प्रतिभूति लेनदार की अधोलिखित रुपये की बकाये राशि की वसूली हेतु अंकित तिथि 25.06.2026 को प्रातः 11 बजे से सायं: 5 बजे तक बेचा जायेगा।

क्र. सं.	ऋणी एवं गारंटर का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण
	जिला अलीगढ़, शाखा: अलीगढ़ मेन, सम्पर्क करें मो.: 7252062598	
1.	**ऋणी/बंधककर्ता-** श्री हरवीर सिंह पुत्र श्री श्रीपाल सिंह, पता 1: कृष्णा नगर कॉलोनी मौजा किशनपुर पगना व तहसील कोल अलीगढ़, पता 2: जिरौली कलां तहसील-सिकंदरा राव हाथरस, गारंटर- श्री कौशल कुमार पुत्र श्री हरपाल सिंह, पता- देवी नगला, कायम पुर मोड़, अलीगढ़ **बकाया राशि: रु. 23,12,044.36 + ब्याज व अन्य खर्चे, घटायें अमुनी यदि कोई हुई हो तो**	बंधक संपत्ति आवासीय मकान स्थित खेत संख्या 245, 246, 247 व 252 का जूज भाग का भाग किशनपुर, परगना एवं तहसील कोल, अलीगढ़, एरिया- 100 वर्ग गज यानि 83.61 वर्ग मी., संपत्ति श्री हरवीर सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व- प्लॉट बी एस चौहान के बाद नाप 18 फीट, पश्चिम- रास्ता 20 फीट चौड़ा के बाद नाप 18 फीट, उत्तर- प्लॉट विक्रेता के बाद नाप 50 फीट, दक्षिण- प्लॉट मधु के बाद नाप 50 फीट **आरक्षित मूल्य: 26,40,000/-** **अग्रिम धनराशि: 2,64,000/-** **सांकेतिक**

ई-नीलामी की तिथि: 25.06.2026, समय: सुबह 11: 00 बजे से शाम 5: 00 बजे तक

नियम एवं शर्तें:- 1. यह ई-नीलामी पीएसबी अलायंस द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जा रही है। 2. नीलामी में भाग लेने के लिए, बोलीदाताओं को वेबसाइट पर अपना नाम, पता, संपर्क विवरण और अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित सटीक और पूर्ण जानकारी प्रदान करके पंजीकरण करना होगा। 3. बोलीदाताओं के पास वैध पैन कार्ड और आधार कार्ड होना अनिवार्य है। 4. सफल पंजीकरण के बाद बोलीदाता को प्रत्येक संपत्ति के लिएनिर्धारित बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को ईएमडी वापस कर दी जाएगी। 5. बोली लगाने वाले निर्धारित नीलामी अवधि के दौरान संपत्ति पर बोली लगा सकते हैं। 6. नीलामी अवधि के अंत में उच्चतम बोली लगाने वाला ही विजेता घोषित किया जाएगा और इस संबंध में सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जारी की जाएगी, जो बैंक के अधिकृत अधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगी। विजेता को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत उसी दिन या अगले कार्य दिवस तक (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा। बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी, अन्यथा बैंक क्रेता द्वारा पहले से भुगतान जमा की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर लेगा। भुगतान भुगतान में चूक होने पर संपत्ति दूसरे उच्चतम बोली लगाने वाले को दीया सकती है या पुनर्विक्रय की जा सकती है और चूक करने वाले क्रेता का कोई दावा नहीं होगा। संपत्ति पर देय सभी वैधानिक और अन्य शुल्क क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। 7. यदि किसी भी कारण से बिक्री की पुष्टि नहीं होती है या उसे रद्द कर दिया जाता है, तो बोली लगाने वाले को बिक्री से संबंधित सभी आकस्मिक खर्चा का वहन करना होगा और क्रेता बोली लगाने वाला किसी भी प्रकार के मुआवजे या हर्जाने का दावा करने का हकदार नहीं होगा। 8. इच्छुक पक्ष बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ इंडिया के अधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते है। 9. संपत्ति की बिक्री के संबंध में बैंक / अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद होगा। बैंक बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 10. समूची विक्रय मूल्य के भुगतान और विक्रय संबंधी औपचारिकताओं के पूर्ण होने पर, सफल क्रेता बोलीदाता को विक्रय प्रमाण पत्र सरफेसी नियम में निर्धारित प्रारूप के अनुसार) जारी किया जाएगा। सफल क्रेता को विक्रय प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए सभी मौजूदा पूर्व भविष्य के कर और शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आकस्मिक व्यय आदिवहन करने होंगे। 11. यह सूचना उपरोक्त उधारकर्ताओं गिरवीदारों गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8 (6)/6(2)/9 (1) के तहत भी दी गई सूचना है। 12. बोली लगाने वाले अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था बोली लगाने वाले को स्वयं करनी होगी, बैंक सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश, बिजली गुल होने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। 13. इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के शुल्कों के अलावा किसी भी प्राधिकरण द्वारा संपत्ति पर किसी भी पाये, शुल्क और भार के संबंध में सावधानीपूर्वक पूछताछ करनी चाहिए और अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्थानिक, विस्तार, गुणवत्ता और मात्रा के बारे में स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए। 14. यदि उपरकर्ता बिक्री की तारीख से पहलेबैंकों को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी को रोका / रद्द किया कपल लिया जा सकता है। 15. यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित शर्तों और इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसरण में बैंकों के विशानिर्देशों के अधीन होगी। 16. संयुक्त भूखंड के प्रस्तावों को प्राथमिकता दीजाएगी और संयंत्र और मशीनरी के लिए बोली पर तभी विचार किया जाएगा जब भूमि और भवन के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं होगी। 17. बोली की कीमत आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए और बोलीदाता को भविष्य में अपनी पेशकश को 10,000 रुपये के गुणक में सुधारना होगा। 18. यदि किसी लॉट की अंतिम बोली राशि 50 लाख रुपये से अधिक है, तो नीलामी खरीदार को बैंक को अंतिम भुगतान करते समय आयकर अधिनियम की धारा 194 आईए केअनुसार अचल संपत्ति के विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कटौती) काटकर आयकर विभाग को बैंक ऑफ इंडिया पैन नंबर AAACB0472C के नाम से जमा करना होगा और बैंक को चालान / जरूरतों की प्रतिलिपि और फॉर्म 26ab अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। खरीदार को अन्य सभी लागू वैधानिक कर,देय राशि, पंजीकरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, संपत्ति कर,सोसायटी शुल्क और अन्य सभी समान शुल्क भी वहन करने होंगे। 19. अंग्रेजी संस्करण और स्थानीय भाषाके संस्करण में किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी। 20. बोलीदाताओ को ई-नीलामी के दिन ऑनलाइन बोली जमा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। किसी भी स्थिति में, एक बार बोली जमा हो जाने पर बोलीदाता जमा की गई राशि के लिए बाध्य होगा / होंगी और किसी भी अनुरोध / संवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अन्तर्गत 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

उधारकर्ता / गारंटरों को सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त रराशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चा सहित ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। अन्यथा, सम्पत्ति की नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक : 22.05.2026 **प्राधिकृत अधिकारी**

बाल लीलाओं का वर्णन किया

अलीगढ़। कनवरीगंज धनियावाड़ा महाकालेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास प्रदीप कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गोवर्धन पूजा की प्रतीकात्मक झांकी बनाई गई।

मौके पर पूर्व मेयर शकुंतला भारती, अरुण, महंत पवन पंडित, दिनेश शर्मा, कृष्णा गुप्ता, गिर्राज किशोर, चितरंजन दास, बबली, राकेश, अखिलेश, विशाल देशभक्त आदि मौजूद थे। संवाद

जूनियर विंग में बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

अलीगढ़। संत फिदेलिस जूनियर विंग में जीरो वायलेशन बास्केटबॉल अकादमी के सेशन-पांच का शुभारंभ किया गया। चार दिवसीय टूर्नामेंट 21 से 24 तक आयोजित किया जाएगा। इसमें आठ स्कूलों की टीमें भाग लेंगी।

उद्घाटन मुकाबलों में फाइडलियन अलुमनिली लीजेंड्स टीम ने ताज फाल्कन की टीम को 40-36 अंक से हराया, जबकि त्रिशूल टाइटन ने अलीगढ़ पैंथर को 45-33 अंक से शिकस्त दी।

अकादमी निदेशक नरेश कुमार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़कर नशे और मोबाइल की लत से दूर रखना है। मुख्य अतिथि फादर पोल कानोविच ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। संवाद